हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–100 : जौनपुर, गुरुवार 15 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## निकाय चुनाव से 2024 की जमीन तैयार करेगी भाजपा : भगवा फहराने की रणनीति

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार और भाजपा संगठन निकाय चुनाव के जरिए लोकसभा–2024 की तैयारियों में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद 17 नगर निगमों में भाजपा की जीत के लिए कमान संभाली है तो बूथ प्रबंधन से लेकर मंडल, सेक्टर और जिले की टीमों को मजबूत किया जा रहा है। वह निकाय चुनाव से पहले सभी निगमों में प्रबुद्ध जनसम्मेलन और करोड़ों की सौगात देने के बाद फिर तूफानी दौरे करेंगे। नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और महामंत्री संगठन बीएल संतोष और मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को निकाय चुनाव पर मंथन किया। लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव के तुरंत बाद भाजपा निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। जनवरी में निकाय चुनाव के साथ विधान परिषद की शिक्षक स्नातक क्षेत्र की पांच सीटों के चुनाव हैं। उसके बाद सहकारिता के चुनाव होने हैं। पार्टी ने निकाय चुनाव को लोकसभा–2024 का सेमीफाइनल मानते हुए सभी निगमों, जिला मुख्यालय वाली नगर पालिका परिषद के साथ प्रमुख नगर पंचायतों पर भगवा फहराने की रणनीति बनाई है। इसी को लेकर बीते रविवार को प्रदेश मुख्यालय में जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों को चुनावी एजेंडा सौंपा गया और मुख्यमंत्री के साथ रणनीति बनाई गई। इसमें तय हुआ कि सभी 17 नगर निगम में सीएम योगी एक से दो रैलियां, रोड शो करने के साथ प्रमुख नगर पालिका परिषदों में भी प्रचार करेंगे। प्रबुद्धजनों से संवाद का सिलसिला बढ़ाते हुए जनसंपर्क किया जाएगा। चुनाव में सभी मंत्री, विधायक, सांसद और बूथ से लेकर प्रदेश पदाधिकारी दिनरात जुटेंगे। इसका फायदा विधान परिषद चुनाव, सहकारिता चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। अनुपूरक बजट में खोला खजाना नगरीय निकाय चुनाव में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ही प्रमुख मुद्दा



होती हैं। यही वजह है सरकार ने अनुपूरक बजट में नगरीय सुविधाओं में इजाफा करने के लिए सरकार भरपूर धन दे रही है। 33,700 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट में नई योजनाओं पर 14 हजार करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान है। इसमें से अधिकांश सड़क निर्माण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने में खर्च किया जाएगा। शुरू होगा दूसरे दलों को तोड़ने का खेल भाजपा निकाय चुनाव से ही सपा, बसपा, कांग्रेस, रालोद और सुभासपा जैसे राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ का खेल शुरू करेगी। पार्टी जनवरी से सदस्यता का अभियान शुरू कर विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं, पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों के साथ जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल करेगी। विधानसभा चुनाव 2022 से करीब छह महीने पहले भाजपा ने सपा के एक दर्जन विधान परिषद सदस्य और विधायकों के साथ बसपा, रालोद, सुभासपा और कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल कराया था। पार्टी इस सिलसिले को लोकसभा चुनाव तक जारी रखना चाहती है। पार्टी ने जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों को प्रभावशाली नेताओं से संपर्क करने और उन पर नजर रखने का संकेत दिया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी का मुख्य फोकस पश्चिम और पूर्वांचल में बसपा के जिला स्तरीय नेताओं के हाथ में कमल थमाना है ताकि बसपा के वोट बैंक पर कब्जा जमाया जा सके। जिलाध्यक्षों के फीडबैक पर प्रदेश स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी परीक्षण कर हरी झंडी देगी। इसके लिए जल्द ही प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे।

## डीआईओएस स्वीकृत करेंगे शिक्षकों का 30 दिन तक का अवकाश : अवकाश स्वीकृत करने के नियमों में बदलाव

लखनऊ ब्यूरो : माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों से लेकर राजपत्रित अधिकारियों तक का अवकाश स्वीकृत करने के नियमों में बदलाव किया जा रहा है। एलटी ग्रेड शिक्षकों व प्रवक्ताओं को 30 दिन तक का चिकित्सा व उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार अब जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को होगा। पहले यह अधिकार प्रधानाचार्य के पास था। प्रधानाचार्य अब केवल आकस्मिक अवकाश ही स्वीकृत कर सकेंगे। वहीं, अब मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद ने प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा को इसका शासनादेश जारी करने का प्रस्ताव भेजा है। इसके तहत चार महीने तक तक का चिकित्सा, उपार्जित, बाल्य देखभाल, अध्ययन, असाधारण, मातृत्व व प्रसूति अवकाश मंडलीय उप शिक्षा निदेशक स्वीकृत करेंगे। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक भी कर सकेंगे अवकाश स्वीकृत माध्यमिक शिक्षा के अवकाश स्वीकृत करने के नियमों में बदलाव के प्रस्ताव पर जल्द ही शासनादेश जारी होने की संभावना है। इस प्रस्ताव के तहत शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) व अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) अब कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अलबत्ता ऐसे सभी अवकाश जो अभी तक शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) और अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) स्वीकृत करते थे उसके लिए मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को अधिकृत किया गया है। इसी तरह मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक 30 दिन से अधिक व 90 दिन तक का चिकित्सा और 30 दिन से अधिक व 60 दिन तक का उपार्जित अवकाश स्वीकृत करेंगे। मंडलीय संयुक्त निदेशक अपने अधीनस्थ अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद उपार्जित अवकाश का नकदीकरण और महिला अधिकारियों को 30 दिन का बाल्य देखभाल



अवकाश दे सकेंगे। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि नई व्यवस्था के तहत मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर आसानी से अवकाश स्वीकृत होंगे। शिक्षकों को अवकाश स्वीकृत कराने के लिए दौड़ भाग नहीं करनी होगी। जनवरी से ऑनलाइन ही स्वीकृत होंगे सभी अवकाश : गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा है कि जनवरी 2023 से अध्यापकों के सभी प्रकार के अवकाश आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकृत होंगे। इसके लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वह अध्यापकों की वर्चुअल उन्मुखीकरण कार्यशाला में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा कीगुणवत्ता बढ़ाने के लिए कक्षाओं में एससीईआरटी द्वारा तैयार शिक्षक मैनुअल गाइड उपलब्ध कराई जाएगी। अलंकार प्रोजेक्ट, अधिगम स्तर की प्राप्ति के लिए एनईपी के तहत शिक्षा अभियान, डेटा आधारित अनुश्रवण तथा डिजिटल एवं ऑनलाइन शिक्षण दिया जा रहा है। एससीईआरटी द्वारा फरवरी से मार्च 2023 के बीच सभी जिलों में डायट में उत्कृष्ट शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। मौके पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द ने बताया कि अगले दो महीनों में प्रोजेक्ट अलंकार के लिए संबधित डीआईओएस से संपर्क कर अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

## विधायक ने मानक विहीन व धीमी गति से चल रहे कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था को लगाई फटकार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। विधायक ने टू लाइन सड़क निर्माण का जायजा लिया मानक विहीन व धीमी गति से चल रहे कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था को फटकार लगाई। 57 करोड़ रुपए की लागत से खरगूपुर बाईपास से श्रावस्ती जिले की सीमा ककरा बलुआघाट तक टू लाइन मार्ग का निर्माण हो रहा है। उक्त कार्य कार्यदाई संस्था आलोक कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। मार्ग निर्माण का जायजा क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी द्वारा लिया गया जहां निर्माण कार्य मानक विहीन तथा धीमी गति से पाया गया। इस पर उन्होंने कार्यदाई संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़क का निर्माण मानक के अनुसार कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्ग निर्माण का जायजा लेने के उपरांत विधायक श्री द्विवेदी ने गांधी चौराहा पहुंचकर लोगों की जन समस्याएं सुनी और निराकरण का



आश्वासन दिया इसके अतिरिक्त उन्होंने आगामी नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष सहित सभासद पदों पर घोषित होने वाले प्रत्याशियों का समर्थन कर विजय श्री दिलाए जाने के लिए पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को महती भूमिका अदा करने का आवाहन किया। इस मौके पर धर्मेंद्र मिश्रा में शोभित द्विवेदी राजन शुक्ला डॉक्टर दिनेश तिवारी राजेश सोनी पदुम नाथ शुक्ला डॉ हजारी लाल तिवारी अरविंद मिश्रा बृजभूषण ओझा उर्फ रिंकू दिवाकर शुक्ला बलराम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्वानों एवं साधु संतों ने कार्यक्रमों में भाग लेकर पतंजलिपुरी की गरिमा को बढाने का किया कार्य

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पतंजलि जन्मभूमि पतंजलिपुरी कोंडर, जनपद गोंडा का क्रमिक विकास सनातन धर्म परिषद एवं श्रीपतंजलि जन्मभूमि न्यास के तत्वावधान में वर्ष 1994 से पतंजलि जन्मभूमि के विकास का आन्दोलन शुभारंभ किया गया था। अनेक विद्वानों एवं साधु संतों ने कार्यक्रमों में भाग लेकर पतंजलिपुरी की गरिमा को बढाने का कार्य किया। श्रीरामसागर शुक्ल, के. पी. श्रीवास्तव, आई. ए. एस., डॉक्टर छोटेलाल दीक्षित, डॉक्टर सूर्यपाल सिंह, डॉक्टर शिवनारायण शुक्ल, जानकी शरण द्विवेदी, कैलाश नाथ वर्मा, डॉक्टर मिथिलेश मिश्र, श्रीवीर विक्रम बहादुर मिश्र, डॉ करुणा शंकर दुबे, डॉ अरुणेंद्र चन्द्र त्रिपाठी, मुरारी कृष्ण श्रीवास्तव आदि महानुभावों ने समय–समय पर अपने विचारों से लाभान्वित किया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी।

## उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आयोजित हुआ खाद्य उद्योग मेला

जौनपुर सू.वि. : आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमो को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमो के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव एवं युवाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई ममता सिंह यादव द्वारा लोगो को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है, दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी, उद्यमियों का मार्गदर्शन करते हुए डीएचओ महोदया ने विशेष तौर पर महिला उद्यमियों को आगे आने और व्यवसाय करने के लिए प्रेरित भी किया, उन्होने अपने संबोधान में कहा कि महिलाएं कुशल व्यवसायिक के साथ साथ मैनेजमेंट व्यवस्था में भी दक्ष होती हैं, उन्हे उद्योग स्थापित करके स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। सफल उद्यमी एवं इंडियन इन्ड्रस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश यादव ने भी अपने अनुभव लोगों से साझा किया एवं लोगो को उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आगंतुको को रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुंवर शेखर गुप्ता, उपायुक्त स्वरोजगार रमाशंकर यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी




डॉ. राजेश, सीबीओ डॉ. परमहंस राय का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन रोट्रैक्ट क्लब सचिव कुलदीप योगी द्वारा किया गया, इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, दिव्या मौर्या, अरशद खान, शशिकांत, प्रतीक यादव, दिव्या पाल, राज सैनी, प्रमोद गुप्ता उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, भोला प्रजापति, वंशराज प्रजापति, सुभाष सिंह, अभिलाष सिंह, अंशुल चतुर्वेदी, पंकज सिंह, पीयूष सिंह, एचडीएफसी बैंक से आशीता गुप्ता, मौसमी, शहर के प्रतिष्ठित उद्यमी राष्ट्रपति पुरस्कृत गुलाब मौर्या, अभय चौरसिया, एजाज अहमद, शांति पासी, मंजू समेत दर्जनो उद्यमी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड मड़ियाहूं के मोकलपुर गांव में चल रहे हर घर नल जल योजना कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड मड़ियाहूं के मोकलपुर गांव में चल रहे हर घर नल जल योजना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि ट्यूबवेल बोरवेल का कार्य पूर्ण हो गया है। ओवरहेड टैंक फाउंडेशन का कार्य चलता हुआ पाया गया। जिलाधिकारी ने वेलस्पन के मैनेजर के.के. तिवारी को निर्देशित किया कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं गुणवत्तापूर्ण हो, गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाते हुए मार्च



2023 तक कार्य पूर्ण कराएं। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी मडियाहू लाल बहादुर, खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं, अधिशासी अभियंता जल निगम राजेश गुप्ता, सहायक इंजीनियर मणि भूषण, विकास सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बिजली के 44 पोल चुराने के मामले में रिपोर्ट हुई दर्ज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बिजली महकमें की छापामारी में 44 बिजली के पोल और लगभग तीन सौ मीटर तार बरामद किया गया



था। इस मामले में मन्नापुरवा पावर हाउस के जेई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सब कुछ जानते हुए भी इस तरह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने से कहा जा रहा है कि इस तरह अफसरों ने अपने चहेते ठेकेदारों को बचाते हुए बीच का रास्ता तलाशा है, इससे सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी। इस मामले की काफी खुसुर–फुसुर हो रही है। बताया गया है कि लखनऊ रोड पर विद्या नगर कालोनी में चल रही प्लाटिंग में बिजली महकमें के अफसरों की छापेमारी के दौरान वहां से केन्द्र सरकार की सौभाग्य योजना के तहत आए बिजली के 44 पोल और लगभग तीन सौ मीटर तार बरामद किया था। इस तरह की गई छापामारी से एक और बात सामने आई कि सौभाग्य योजना के तहत आए पोल,तार और ट्रांसफार्मर का मनचाहा इस्तेमाल किया गया। जबकि योजना के तहत आए बिजली के पोल दलित,पिछड़े और गरीबों की बस्ती में लगाए जाने थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, बल्कि प्रापर्टी डीलर के चोखे धंधे में शामिल लोगों को सीधा फायदा पहुंचाया गया।

## बदलापुर की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से विधायक ने की मुलाकात

बदलापुर जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : विधानसभा बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्र द्वारा आज बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बदलापुर विधानसभा की समस्याओं को



लेकर की मुलाकात तथा विधानसभा में पिछले 5 वर्षों में हुए मुख्य विकास कार्यों की विवरण पत्रिका स्मारिका और जनपद जौनपुर कि सान इत्र व दरी भेंट किया तथा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुख्य समस्याओं को जल्द पूर्ण करने की मांग भी किया तथा मुख्यमंत्री जी से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा 30: तक बिलों पर टेंडर लेकर गुणवत्ता विहीन व समय से कार्य न पूर्ण करने की शिकायत भी किया तथा विधायक रहते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो जिम्मेदारी विधायक रमेश चंद्र मिश्र को मिली जिनमें नियम समिति का सदस्य विधानसभा उत्तर प्रदेश बनाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समा लो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# माँ जीवन की सबसे बड़ी मार्गदर्शक गुरु –स्वामी अंजनी नन्दन दास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाज सेविका की पुण्यतिथि पर समसपुर पनियरिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे साढ़े तीन सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। आगंतुकों ने उनके जीवन चरित्र प्रकाश डाला। हरिद्वार आश्रम से आए हुए राष्ट्रीय संत स्वामी अंजनी नंदन दास महाराज ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी गुरु पालनहार मार्गदर्शक माता होती है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं होती है। उन्होंने समाज सेविका स्वः सुमित्रा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि सुमित्रा देवी महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा काम करती रही और समाज में जरूरतमंदों के लिए की मदद करती रही। मां के पालन का कर्ज की भरपाई कभी कोई पूरी नहीं कर सकता। भाजपा नेता अजय सिंह खर्चू, रविंद्र सिंह दादा ने कहा कि सुमित्रा देवी हमेशा गरीब असहाय लोगों के लिए लड़ी हैं और न्याय दिलाने का काम किया है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल ने कहा मां की चरणों में सभी तीर्थ होते हैं और मा ही धरती की पहली भगवान होती है । इस दौरान भाजपा नेता कवि जनार्दन अस्थाना, शरद सिंह, जितेंद्र सिंह, सुशील सिंह, दुर्गेश सिंह ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश



डाला। स्वः सुमित्रा देवी प्रबंधक समर बहादुर यादव की पत्नी व भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन की माता थी । इस अवसर पर राष्ट्रीय संत स्वामी अंजनी नंदन दास महाराज व समरबहादुर यादव के हाथों साढे तीन जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा नेता सुनील कुमार मम्मन ने सबका आभार जताया। इस अवसर पर रामजस मिश्रा, श्यामबाबू ,रामकशुन राजभर, चन्दन यादव, मिठाई यादव, रामाशंकर, रमेश यादव, जियालाल ,सौरभ सिंह, ईश्वरलाल ,अशोक यादव, प्रमोद यादव, उमाशंकर , डॉ अनिल, राजेश यादव , मौजूद रहे ।सभा का संचालन प्रशांत सिंह दीपक ने किया ।

# जर्जर भवन में रहने को मजबूर है नेवढ़िया उपकेंद्र के विद्युतकर्मी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकाश खण्ड रामनगर के नेवढ़िया विद्युत उपकेंद्र पर रहने वाले विद्युत विभाग के कर्मचारी जर्जर भवन में रहने के लिए मजबूर है ।वही उपकेंद्र पर रह रहे कर्मचारियों के मुताबिक हमलोग को ज्यादा से ज्यादा समय जर्जर भवन के बाहर बिताना पड़ता है ।उपकेंद्र के एसएसओ जयकेश पाल ने बताया कि हमलोगों ने कई बार समस्या की शिकायत अपने विभाग के उच्च अधिकारियों से किया लेकिन अभितक आस्वासन के शिवाय कुछ भी नही हुआ। विद्युतकर्मियों को यहाँ कई समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है ।विद्युत उपकेंद्र पर ना तो पानी पीने के लिए हैंडपम्प की व्यवस्था नही है जिसके चलते हमे लगभग तीन सौ मीटर दूर जाकर पीने के लिए पानी लाना पड़ता है और उपकेंद्र पर बाउंड्रीवाल की भी व्यवस्था नही है जिसके चलते बारिश में पूरे स्टेशन में जल भराव हो जाता है और कभी कभी लगता है हम जंगल मे रह रहे हैं उपकेंद्र के अंदर छुट्टा पशु हमेशा घूमते रहते है जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है ।इस संदर्भ में अवर अभियंता विजय पटेल ने बताया कि उच्चधिकारियों को प्रस्ताव दिया गया है ।जल्द ही हर समस्याओं का निदान हो जाएगा।

# सिविल कोर्ट के अधिवक्ता क्षितिज तिवारी हुए बार से निष्कासित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीवानी अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता क्षितिज तिवारी को आज बार से निष्कासित कर दिया गया है। आरोप है कि अधिवक्ता क्षितिज तिवारी व अश्विनी मिश्र के बीच पूर्व में न्यायालय परिसर में मारपीट हुई थी ।इसके बाबत अनुशासन समिति का गठन हुआ ।समिति द्वारा दीवानी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय व मंत्री अनिल कुमार सिंह को रिपोर्ट दी गई थी ।दोनों अधिवक्ता पर पंद्रह–पंद्रह हजार रुपए अर्थदंड लगाया जाए। भविष्य में दोबारा ऐसी गलती न करने की हिदायत दी जाए। अर्थदंड की राशि जमा न करने पर सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। अधिवक्ता अश्वनी मिश्रा द्वारा अर्थदंड जमा किया गया लेकिन क्षितिज तिवारी ने संघ के निर्देश का पालन नहीं किया। 12 दिसंबर तक अर्थदंड जमा करने का अवसर दिया गया। पालन न करने पर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई।

# लखनऊ में पेट्रोल पंप पर डीसीएम में लगी आग : बाराबंकी एसी बस में आग लगने पर कूदकर भागे 40 यात्री

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में मोहनलालगंज के खुजौली मे मोहनलालगंज– गोशाईगंज रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर डीसीएम खड़ी कर उसके करीब खाना बनाते समय डीसीएम मे आग लग गई और धमाके के साथ डीसीएम के टायर फटने लगे। पेट्रोल पंप पर हुई इस घटना से हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, जिससे बडा हादसा टल गया। घटना के बाद से डीसीएम चालक व खलासी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात खुजौली गांव के पास स्थित प्रह्लाद फिलिंग स्टेशन पर ब्रेड व ग्लू जैसे पदार्थ से लदी डीसीएम को खड़ी कर उसके करीब चालक व खलासी छोटे घरेलू गैस सिलेंडर से खाना बना रहे थे। तभी अचानक डीसीएम में आग लग गई। डीसीएम में आग लगी देख पंप के कर्मचारियों ने पंप पर मौजूद अग्निशमन यंत्रो से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते पूरा डीसीएम आग की चपेट मे आ गया और डीसीएम के टायर तेज धमाके के साथ फटने लगे। हालांकि गनीमत रही कि घरेलू गैस सिलेंडर मे धमाका नहीं हुआ, पेट्रोल पंप पर आग लगने की सूचना से हडकंप मच गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहनलालगंज– गोशाईगंज पर वाहनो की आवाजाही रोक दी, मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आग पेट्रोल पंप को अपने चपेट मे नहीं ले सकी और बड़ा हादसा टल गया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे के मुताबिक हादसे डीसीएम के चालक व खलासी मौके से फरार हो गए, डीसीएम के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाया जाएगा। एसी बस में लगी आग,



40 यात्री सुरक्षित लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर बुधवार दोपहर प्रतापगंज के पास चलती बस में धुआं निकलता देख चालक उसे आननफानन वर्कशॉप लेकर पहुंच गया। अफरातफरी के बीच यात्री भगते हुए नीचे उतरे। गनीमत थी कि सब उतर चुके थे क्योंकि इसके बाद बस धू–धू कर जल उठी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, खलीलाबाद से करीब 40 यात्रियों को लेकर लखनऊ जा रही निजी कंपनी की एसी बस में अहमदपुर टोल प्लॉजा से पहले धुआं निकलने लगा। धुआं तेज हुआ तो चालक ने बस स्वामी से बात की। बताया गया कि हाईवे पर ही प्रतापगंज के पास निजी कंपनी का वर्कशॉप है। बस तेजी से करीब एक किमी दूर वर्कशॉप तक पहुंची और यात्री भागते हुए नीचे उतरने लगे। पांच मिनट में ही सभी यात्री सुरक्षित निकल आए। थोड़ी देर में वर्कशॉप परिसर में ही बस आग का गोला बन गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। सफदरगंज के थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि बस के डीजल टैंक के पास शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। यात्रियों को दूसरे वाहनों का इंतजाम कर भेजवा दिया गया है।

# बिना अध्ययन के नहीं मिलती उपलब्धि– डॉ. सावित्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पर्यावरण विज्ञान विभाग में गुरु नानक महाविद्यालय चेन्नई के डीन एकेडमिक ऑफ साइंस डॉ.एस. सावित्री एवं डायरेक्टर रिसर्च डॉ प्रेम एम. मारन ने शिक्षक एवं छात्रों से बुधवार को संवाद किया। विगत वर्ष गुरुनानक कालेज चेन्नई, तमिलनाडु के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के परस्पर सहयोग हेतु एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था । टीम ने एक दूसरे से पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे कार्य और प्रगति पर चर्चा की। डॉ. प्रेम ने पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतरीन रिसर्च कराने हेतु, विभाग को बधाई दी और यह भी बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पर्यावरण के बच्चे और अच्छा कार्य कर सकते हैं। इस क्षेत्र में उन्होंने अपना सहयोग प्रदान करने की भी बात कही और साथ ही में पर्यावरण विज्ञान के बच्चों के सवालों से प्रभावित हुए। उन्होंने कुछ बच्चों को अपने यहां उच्च शिक्षा और रिसर्च हेतु लेने की इच्छा जाहिर की। डीन एकेडमिक ऑफ साइंस डॉ.एस. सावित्री ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यक्ति को स्वयं आगे आना होगा जिस तरह खाने सोने और मनोरंजन करने का समय निर्धारित है उसी तरह पढ़ाई का भी समय निर्धारित होना चाहिए। बिना



अध्ययन के कोई भी शिक्षा के क्षेत्र में महान उपलब्धि नहीं प्राप्त कर सकता है। इसके बाद टीम माइक्रोबायोलॉजी विभाग में गई और वहां के बच्चों के साथ बातचीत की। इसके बाद टीम ने विश्वविद्यालय परिसर के कई विभागों को देखा। वह संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और विद्यार्थियों से बातचीत की। गुरु नानक कॉलेज की टीम में मनजीत सिंह नायर, डॉ. स्वाति पालीवाल, डॉ एस. सावित्री, डॉ.सौम्यकांत सारंगी, डॉ. क्रिस्टी, डॉ डॉली, डॉ. प्रेम माथी मारन आदि शामिल थे। इस अवसर पर प्रो मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ मनोज पांडेय, डॉ सुनील कुमार, डॉ. सुधीर कुमार उपाध्याय, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ एस पी तिवारी, ऋषि श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# किशोर स्वास्थ्य मंच का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बुधवार को सर्वोदय विद्यापीठ इण्टर कॉलेज मीरगंज के प्रांगण में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ बी एल यादव के नेतृत्व में किशोर स्वास्थ्य मंच का अयोजन किया गया, जिसमे बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, हिमोग्लोबिन, ब्लडप्रेशर की जांच के साथ साथ किशोरावस्था में होने वाली बीमारी, यौनरोग, एनीमिया, डायबिटीज, ब्लैडप्रेसर, के बारे में बताया गया , बच्चो में प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता भी सम्पन्न कराई गईं। तम्बाकू से कैंसर होता हैं बताया गया, तंबाकू सेवन न करने की शपथ सभी को दिलायी गयी,कॉलेज के 500 मीटर के अंदर तम्बाकू बेचने वालो पर कार्यवाही होगी जानकारी दी गईं मेडिकल टीम में मुख्य रूप से अभिषेक यादव नेत्र परीक्षण अधिकारी कंचन स्टॉफ नर्स,सागर कन्नौजिया (एल टी) विजय मौर्या (एल टी) के साथ मौके पर श्री यशवन्त मौर्या, श्री अखिलेश यादव, श्री सुदीप सिंह, श्री शिवकुमार सिंह एवम् नम्रता सिंह के साथ समस्त टीचर स्टॉफ उपस्थित रहते हुऐ कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया गया।

# चोरी की रकम के साथ चोर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के उमरी खुर्द गांव में की रात में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला शकुंतला शर्मा ( जो घर अकेली रहती है) के घर रात 8 बजे चोरी की वारदात हुई, बुजुर्ग महिला अपने पड़ोस के एक घर शादी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने गयी थी जब वो वापस आयी तो देखती है कि उनके पड़ोस में रहने वाला एक लड़का चंद्रदेव शर्मा घर से भाग रहा था उसके साथ 2 अज्ञात लोग थे जिन्हें रात होने की वजह से पहचान नही पायी। घर मे घुस कर उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है और आलमारी खोलकर देखी तो नकदी व जेवर गायब है। उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर मंगलवार की रात को आरोपी चंद्रदेव शर्मा को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी के 1155 रुपया बरामद करके जेल भेज दिया।

# सुबह–ए–बनारस पर लगी नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा : तीन भाषाओं में लिखा 'जय हिंद' आकर्षण का केंद्र

वाराणसी ब्यूरो : सुबह ए बनारस के मंच पर काशी की जनता अब नेताजी के साथ जय हिंद...का नारा लगाएगी। कला, संस्कृति के साथ ही देशभक्ति के रंग भी सुबह ए बनारस के साथ जन–जन में घुलेंगे। देश को तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा...का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 20 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई गई है। संस्कृति मंत्रालय ने इस प्रतिमा को अस्सी घाट पर स्थापित कराई है और इसका अनावरण 18 दिसंबर को होगा। अस्सी घाट पर मां गंगा के किनारे सुबह ए बनारस के मंच पर अब नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा के दर्शन 18 दिसंबर से काशी की जनता को सुलभ होंगे। 20 फीट ऊंची प्रतिमा को बुधवार की मध्य रात्रि में संस्कृति मंत्रालय ने स्थापित करवा दिया है। प्रतिमा के तीन तरफ से हिंदू, उर्दू और अंग्रेजी भाषा में




जयहिंद लगवाया गया है। धातु से निर्मित प्रतिमा के फाउंडेशन धातु से निर्मित हैं।

# गणेश मेमोरियल क्लिनिक एंड चाइल्ड केयर का हुआ शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलयुग में चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है जो लोगों की जान बचाकर उनके परिवार में खुशियां देता है जनपद में भी तमाम ऐसे चिकित्सक हैं जो समाज सेवा में पूरी तरह से समर्पित है। इसी कड़ी नगर के चहारसू चौराहे पर स्थित एक और नया नाम गणेश मेमोरियल क्लिनिक एंड चाइल्ड केयर का जुड़ गया है। हॉस्पिटल के डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव जो शिशु एवं बाल हार्ट रोग विशेषज्ञ तो वहीं उनकी पत्नी डॉ निधि श्रीवास्तव नाक कान गला मुंह व गले के कैंसर रोग विशेषज्ञ हैं। क्लीनिक का उद्घाटन डॉ सलिल के माता पिता साधना श्रीवास्तव व चंद्र मोहन श्रीवास्तव के हाथ फीता काटकर संपन्न हुआ। डॉक्टर सलील और उनकी पत्नी का कहना है कि क्लीनिक पर मरीजों का सस्ते व अच्छे ढंग से इलाज किया जाएगा ।असहाय लोगो का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। लोगों को बेहतर और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के तमाम सम्मानित नागरिकों समाजसेवी पत्रकार कायस्थ समाज के लोगों ने उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद दिया। जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनमोहन श्रीवास्तव डॉ मनमोहन सिंह डॉ विनय तिवारी ,नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन कायस्थ महासभा



के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता व संगत पंगत के प्रदेश संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया वरिष्ठ पत्रकार दीपक श्रीवास्तव वरिस्ठ पत्रकार दिलीप शुक्ला सुलभ श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव व्यापारी नेता सोमेश्वर केसरवानी वरिष्ठ अधिवक्ता आमोद सिन्हा वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव बंसीलाल सामाजिक संस्था जेब्रा के अध्यक्ष संजय सेठ डॉ शशांक श्रीवास्तव वरिष्ठ सर्जन डॉ रजनीश श्रीवास्तव आनंद मोहन श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता बीजेपी सभासद मनीष श्रीवास्तव डॉ शैली निगम ,कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक अस्थाना, अनुपम श्रीवास्तव ,सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चौकियां धाम से दर्शन कर लौट रहें श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पलटी : आठ घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नौपेड़वा बाजार के समीप बुधवार की शाम चौकियां धाम से दर्शन कर लौट रहें श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो टायर फटने से हाइवे किनारे पलट गई। बोलेरो में सवार 10 लोगों में 6 महिलाओं सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बक्शा थाना क्षेत्र के बेलहटा गांव निवासी राहुल खरवार अपने घर की महिलाओं बच्चों के साथ चौकियां धाम दर्शन करने गए थे। शाम करीब चार बजे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जैसे ही राष्ट्रीय राज्यमार्ग नौपेड़वा के समीप पहुँची बोलेरो का टायर फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिससे बोलेरो में सवार 18 वर्षीय डिम्पल, 35 वर्षीय संगीता, 24 वर्षीय लक्ष्मी, 52 वर्षीय चम्पा, 35 वर्षीय बिंदू खरवार, 25 वर्षीय वंदना तथा 28 वर्षीय रवि व 30 वर्षीय चाक सुरेश घायल हो गए। एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सक डॉ. आलोक रघुवंशी ने सभी घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

# थाना सिंगरामऊ जौनपुर द्वारा गोवध निवारण अधिनियम में वांछित 01 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर एवं थानाध्यक्ष के निर्देशन में मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 श्री रामध्यान यादव, का0 तेजप्रताप सिंह व का0 नौशाद हुसैन द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/22 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 में प्रकाश में आये वांछित अभि0 आजाद मोहम्मद उर्फ नाटे पुत्र निजामुद्दिन निवासी मिश्रौली थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष दिनांक 15.12.2022 को समय करीब 12.11 बजे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता अभि0गण– 1. आजाद मोहम्मद उर्फ नाटे पुत्र निजामुद्दिन निवासी मिश्रौली थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। सम्बन्धित अभियोग– 1.मु0अ0सं0 28/2022 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 18/2018 धारा 60




आबकारी अधि0 थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । गिरफ्तारी टीमः 1.उ0नि0 श्री रामध्यान यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर । 2.का0 तेजप्रताप सिंह थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर । 3.का0 नौशाद हुसैन थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर ।

# नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को टिकट वितरण में वरीयता देगी कांग्रेस

लखनऊ ब्यूरो : कांग्रेस नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को टिकट वितरण में वरीयता देगी। पार्टी इन चुनावों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की सोच को घर–घर तक



पहुंचाने का फैसला भी किया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष व मध्य जोन निकाय चुनाव प्रभारी प्रज्ञा सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश में नगर निगम चुनाव की तैयारी चल रही है तो दूसरी ओर भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में 11 दिनों की प्रादेशिक यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रादेशिक यात्रा के माध्यम से प्रियंका गांधी की बात प्रदेश के हर जिले के नागरिकों तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर अपराध व अत्याचार सर्वाधिक बढ़े हैं। इसलिए आज महिलाएं कांग्रेस की तरफ देख रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या व महिलाओं पर अपराध ज्वलंत मुद्दे हैं लेकिन प्रदेश व केंद्र सरकार इन मुद्दों की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है।

# सपा के कारण हो रही निकाय चुनाव में देरी –उप मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निकाय चुनाव में हो रही देरी के लिए सपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा सरकार और भाजपा तो समय से चुनाव कराना चाहते हैं, पर सपा नहीं चाहती कि समय पर चुनाव हों। सपा अपनी पार्टी के एक बड़े नेता के भाई को आगे करके चुनाव में अड़चन पैदा करा रही है। उन्होंने सपा को पिछड़ा और दलित विरोधी बताते हुए कहा कि वंचित समाज के बढ़ते प्रतिनिधित्व से सपा घबराकर निकाय चुनाव को टलवाने का षड़यंत्र कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने जारी बयान में कहा कि सपा को आशंका है कि अगर इस वक्त चुनाव हुए तो शहरी निकायों में उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में सपा अपने पार्टी के एक बड़े नेता के माध्यम से अड़ंगा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा संगठन और सरकार सांविधानिक प्रावधानों के अनुरूप समय पर निकाय चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अधिकार है कि वह अपनी बात न्यायालय के समक्ष रखे लेकिन मंशा साफ होनी चाहिए। चूंकि अब मामला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, तो न्यायालय का जो भी आदेश होगा, सरकार उसका पालन करेगी।

# महराजगंज में फंदे से लटका मिला सिपाही का शव

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने में तैनात सिपाही नन्दलाल (25) का शव बृहस्पतिवार को उनके कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रथम दृटया इसे आत्महत्या मान रही है, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं है। सिपाही नन्दलाल सिंह मूलरूप से मऊ जिले के अपडड़ियां हरिपार दोहरीघाट के रहने वाले थे। बताया जाता है कि वर्ष 2022 में बृजमनगंज थाने में उनकी पहली तैनाती थी। वह अपने एक साथ के सिपाही सतेंद्र राजभर के साथ कस्बे में फरेंदा रोड पर किराये के मकान में रहते थे। बुधवार रात नन्दलाल आवास पर थे और साथी सिपाही सतेंद्र राजभर थाने में रात्रि ड्यूटी पर गए हुए थे। बृहस्पतिवार रात करीब 2:30 बजे सतेंद्र ड्यूटी से जब आवास पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज के बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो इसकी जानकारी थाने में दी। कुछ ही देर में थानाध्यक्ष सहित क्षेत्राधि



कारी फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र मौके पर पहुंचे। दरवाजे को तोड़ा गया तो कमरे में छत की कुंडी से केबल के सहारे नन्दलाल का शव लटक रहा था। थानाध्यक्ष अजित सिंह ने बताया कि मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

# अपहरण का खुलासा : ऑनलाइन जुए में लाखों रुपये हारने के बाद रची थी साजिश

प्रयागराज ब्यूरो : आरोपी सर्वेश सिंह पटेल ने ऑनलाइन जुए में 37 लाख रुपये हारने के बाद दोस्त के अपहरण की साजिश रची थी। उसने पुलिस की पूछताछ में यह बात बताई। घटना में उसने अपनी ही कार प्रयुक्त की जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। वह भुक्तभोगी छात्र के मोहल्ले में ही रामचंद मिशन रोड, मुंडेरा में रहता है और पिछले चार सालों से उसका दोस्त था। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में उसने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग साइट के जरिए जुआ खेलता था। इसमें करीब 37 लाख रुपये हार चुका था। आर्मी से रिटायर पिता से लिए गए पैसों के साथ ही उसने कई लोगों से उधार भी ले रखा था। जो उस पर रकम वापसी का दबाव बना रहे थे। रुपयों का कोई इंतजाम न होते देख ही उसने वासु के अपहरण की साजिश रची। वासु के पिता कुसुम वाटिका के नाम से मैरिज हॉल चलाते हैं, ऐसे में उसका मानना था कि रकम आसानी से मिल जाएगी। इसके बाद उसने धूमनगंज निवासी ही अपने दो दोस्तों सर्वीर व अभि के साथ मिलकर अपहरण की साजिश रची। बीयर पिलाकर नशीला इंजेक्शन लगाया, फिर रस्सी से कस दिया गला भुक्तभोगी वासु ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे सर्वेश ने फोन कर उसे कार पार्क करने के बहाने मैरिज हॉल के पीछे वाले गेट पर बुलाया। वहां कार में उसके दो दोस्त भी थे। कार में बैठाकर तीनों ने उसे बीयर पिलाई और फिर नशीला इंजेक्शन लगाकर बेसुध कर दिया। फिर पीछे से रस्सी से गला कस दिया और मुंह में टेप चिपकाकर हाथ भी बांध दिए। इसके बाद बार से उसे लेकर चल दिए। जनपद से बाहर निकलना चाहते थे लेकिन एसीपी धूमनगंज नरसिंह नारायण सिंह के मुताबिक, पूछताछ में सर्वेश ने बताया कि अगवा वासु को लेकर वह और उसके साथी जनपद से बाहर जाना चाहते थे। इसके लिए वह पहले झूंसी पुल और फिर फाफामऊ की ओर गए लेकिन पुलिस चेकिंग देखकर लौट आए। इसके



बाद उसे राजरूपपुर स्थित फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। इसी दौरान वासु के ही फोन से उसके पिता को कॉल कर रंगदारी भी मांगी थी। महीने भर पहले किराये पर लिया था फ्लैट डीसीपी क्राइम सतीशचंद ने बताया कि पूछताछ में सर्वेश ने कहा कि जिस फ्लैट में उसने वासु को बंधक बनाकर रखा, उसे उसने सुल्तानपुर भावा करेली के शफीकुर्रहमान से किराये पर लिया था। आर्मी से रिटायर पिता वीरेंद्र सिंह को उसने बताया था कि फ्लैट उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग के बिजनेस के लिए लिया है। इसी बहाने वह उनसे भी रुपये ऐंठता रहा। आरोपी कौशाम्बी डिग्री कॉलेज में बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र है। खौफजदा दिखे परिजन, पुलिस का जताया आभार उधर छात्र को मुक्त कराए जाने के घंटों बाद भी परिजन खौफजदा दिखे। उसके पिता भीम सिंह पटेल, बहन वंदना व मां भी पुलिस लाइन पहुंचे थे। पिता ने बताया कि उसके दो बेटों में से बड़े बेटे की हादसे में मौत हो चुकी है। परिजन पुलिस का आभार जताते नहीं थक रहे थे। उनका कहना था कि पुलिस की वजह से ही उन्हें अपना बेटा दोबारा मिल सका है। हत्या करने की थी नीयत पुलिस का कहना है कि इस बात की भी आशंका थी कि रुपये मिलने या न मिलने की दशा में आरोपी छात्र की हत्या भी कर सकते थे। दरअसल फिरौती की कॉल किए जाने के दौरान आवाज से पिता ने सर्वेश को पहचान लिया था। इसके बाद परिजनों ने उसके घरवालों को भी इस बात की जानकारी दी थी। मां के फोन करने पर सर्वेश ने जरूरी काम से बाहर होने की बात बताई थी। पुलिस अफसरों ने बताया कि इसके चलते वह रात से ही संदेह के घेरे में आ गया था।

# विधायकों के लिए भारी रहा दिन : विभिन्न मामले में सुनवाई

प्रयागराज ब्यूरो : जिला न्यायालय में बुधवार का दिन विधायकों के लिए भारी रहा। एक ओर जहां विधायक विजमा यादव ने भीड़ को उकसाने के मामले में अपना बयान दर्ज कराया, वहीं दूसरी ओर बाहुबली अतीक अहमद पर लगे गैंगस्टर मामले में विधायक पूजा पाल के गवाही देने के लिए न पहुंचने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया। साथ ही पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी की पत्नी के खिलाफ अर्जी दाखिल कर आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर हुए हमले के मामले में इंस्पेक्टर अजय सेठ तलब हुए और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया। इन चारों मामलों की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। विशेष न्यायाधीश डॉ.दिनेश चंद्र शुक्ला सुनवाई कर रहे हैं। सरकारी अधिवक्ता सुशील कुमार वैश्य ने चारों केसों में पैरवी की। अतीक पर 2008 में दर्ज हुए गैंगस्टर केस में गवाह हैं पूजा पाल अतीक अहमद के खिलाफ सन 2008 में धूमनगंज में दर्ज हुए गैंगस्टर केस में विधायक पूजा पाल सरकारी गवाह हैं। उनकी गवाही के लिए कोर्ट ने उन्हें समन किया था लेकिन वह पेश नहीं हुईं तो कोर्ट ने जमानती और फिर गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। वह समन और जमानती वारंट जारी होने के बाद भी पेश नहीं हुईं। इसे देखते हुए कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। मामले में 16 दिसंबर को सुनवाई होगी। विधायक विजमा को सफाई साक्ष्य के लिए देना होगा गवाह सपा विधायक पर सन 2000 में भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया गया है। उनके उकसाने पर भीड़ ने उपद्रव किया। इस वजह से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। बुधवार को वह एमपीएमएलए



कोर्ट में पेश हुईं और अपने बचाव में बयान दिए। कहा, वह निर्दोष हैं। उन्हें राजनीतिक षड़यंत्र के तहत फंसाया गया है। कोर्ट ने उनका पक्ष जानने के बाद मामले की सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि तय की है। विधायक को अपने बचाव के लिए गवाहों की सूची कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। नंदी पर हुए हमले में इंस्पेक्टर का बयान दर्ज मंत्री नंदी पर हुए हमले के मामले में भी बुधवार को इंस्पेक्टर अजय सेठ का बयान दर्ज हुआ। इंस्पेक्टर सेठ भदोही से तलब थे। मामले में दिलीप मिश्रा और विजय मिश्रा आरोपी हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपनी जिरह पहले ही पूरी कर ली है। जबकि, नंदी के एक अन्य मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई होनी है। सन 2014 में नंदी कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार थे। जुलूस के दौरान सपा कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई थी। इन पर भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया गया है। मामले में तत्कालीन सीओ नीति द्विवेदी बृहस्पतिवार को तलब हैं। पूर्व मंत्री राकेशधर की पत्नी को आरोपी बनाए जाने की मांग आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी के खिलाफ चल रहे केस में उनकी पत्नी को भी सह अभियुक्त बनाने की मांग की गई है। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता की ओर से इस संबंध में 319 के तहत अर्जी दाखिल की गई है। कहा गया कि उनके नाम भी बेनामी संपत्ति है जबकि उनके पास आय का कोई स्रोत नहीं है। लिहाजा, उन्हें तलब कर उनके खिलाफ भी केस चलाया जाए।

# सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में योग कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा एक योग सत्र का आयोजन किया गया। कॉलेज के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के तहत ये कार्यक्रम उनकी ''आत्मविश्वास विकास गतिविधियों थीम के अंतर्गत मनाया गया। योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन व आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग से न केवल तनाव दूर होता है बल्कि योग मन मस्तिष्क को भी शांति प्रदान करता है। योग प्राणायाम शरीर में मुख्य रूप से ऊर्जा का प्रसार करता है योग सिखाता है कि कैसे सांस नियंत्रण के माध्यम से मन और जागरूकता के उच्च स्थान को प्राप्त किया जा सकता है। यह कार्यक्रम SDC & H की अध्यक्षा श्रीमती मधु माथुर, अध्यक्ष डॉ. रजत माथुर, निदेशक भ्त्र एवं बी. एस. एम नर्सिंग स्कूल श्रीमती स्मिता माथुर, डायरेक्टर फाइनेंस श्री चरित माथुर तथा श्रीमती ऋतु माथुर के सरक्षण में कराया गया। इस कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डा० के० एन० दुबे एवं उप– प्रधानाचार्य डा० प्रदुयमन मिश्रा द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर आरम्भ किया गया। यह योग सत्र सरस्वती डेंटल कॉलेज के एम्फीथियेटर में आयोजित कराया गया जहाँ योगाचार्य डा० अवध




ेष कुमार शर्मा, डायरेक्टर एवं संस्थापक (समग्र योग केंद्र) तथा श्रीमती जिज्ञासा कापरी वरिष्ठ योग गुरु और उनकी योग टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा० अल्का यदु (कामेटी प्रमुख) और डा० आशीष चौहान जो कॉलेज की स्टूडेंट वेलफेयर एंड एक्ट्रा करिकुलम एक्टीविटी समिति के सचिव है, उनके द्वारा कराया गया। इस सत्र के दौरान कॉलेज के 100 से अधिक स्नातक तथा प्रशिक्षणों ने भाग लिया। योग सत्र की समाप्ति के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य और कल्याण का सहज सम्बंध बनाने वाले दृष्टिकोण को अपनाने का प्रण लिया।

# पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए कार्यों कों लेकर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान की टीम हुई सम्मानित

दिल्ली ब्यूरो : जिले की पिपराली रोड़ स्थित एमके मेमोरियल स्कूल में अश्वतय महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए सराहनीय कार्यों कों लेकर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान की टीम कों सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की बहन व पद्मश्री जमुना टुडू, लोहार्गल धाम के पीठाधीश्वर अवधेशानंद महाराज, योगपीठ साध्वी, मोदी यूनिवर्सिटी के पीआरओं राजीव सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, एमके मेमोरियल स्कूल के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका, इंजिनियर मनीष ढाका, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मधु कुमावत के सानिध्य में किया गया। इस अवसर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान पर लिखित पुस्तक अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा द्वारा पद्मश्री जमुना टुडू व उनके परिवारजनों कों भेंट की गईं। बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान की सराहना करते हुए जमुना टुडू ने कहा कि यह पहल सराहनीय पहल है। आज सबसे अधिक आवश्यकता है तो वो है संस्कारो की। आज के वर्तमान दौर में हम बच्चों कों शिक्षा तो दे रहे है पर संस्कार देना भूल गए और उसी का परिणाम है आज के दौर में घट रही ये घटनाए। मैं हर सम्भव इस पहल कों आगे तक ले जाने के लिये आवाज उठाऊंगी। इस अवसर पर अभियान के संयोजक कवि शर्मा




ने अभियान के संदर्भ में अनेकों विषयों के साथ–साथ पुरुष आयोग के मुद्दे कों लेकर भी चर्चा की। इंजिनियर मनीष ढाका के द्वारा भी शिक्षा के साथ संस्कारों कों लेकर अपने विचार रखें गए। इस दौरान कार्यक्रम में एमके डिफेंस एकेडमी की डायरेक्टर कविता जाखड़, एमके मेमोरियल स्कूल के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका, बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के सदस्य मयंक शर्मा, कवयित्री विनीता सैनी, धर्म कुमार चेजारा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मधु कुमावत, योगपीठ साध्वी, मोदी यूनिवर्सिटी के पीआरओ राजीव सिंह, जगदीश पारीक एवं सुंडा राम कुमावत अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह, हनुमान पोसवाल, कार्यकारी निदेशक संजय शर्मा, एमके ग्रुप की प्रिंसिपल आशा शर्मा, संगीता शर्मा, अकादेमिक प्रमुख नेहा वर्मा, रामलखन सैनी, आनंद सिंह भवानीपुरा साधना सेठी, छात्र–छात्राओं, पर्यावरण प्रेमी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गंगा प्रदूषण मामला : पॉलिथीन पर रोक के बावजूद प्रयोग पर छात्रों–अधिवक्ताओं की टीम देगी रिपोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : गंगा प्रदूषण मामले की जनहित याचिका में ओमैक्स रियलकॉन को पक्षकार बनाने और गंगा के उच्चतम बाढ़ बिंदु से 500 मीटर तक निर्माण पर रोक लगाने पर आपत्ति की सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली गई है। हालांकि याची अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव तथा सुनीता शर्मा ने इसका विरोध किया। कहा, गंगा–यमुना किनारे निर्माण से प्रत्येक वर्ष लगने वाले माघ मेला तथा कुंभ मेला के आयोजन के लिए जमीन नहीं बचेगी। शहर बाढ़ की चपेट में आ जायेगा। माघ मेला प्राधिकरण को मेला क्षेत्र घोषित करना चाहिए। ओमैक्स कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह ने बहस की। इनका कहना है कि राज्य के शासनादेश में गंगा किनारे से दो सौ मीटर तक ही निर्माण पर रोक लगी है। हाईकोर्ट के आदेश में कानूनी आधार के बिना 500 मीटर तक निर्माण पर रोक लगाई गई है। इससे लोगों को आवास देने की कंपनी की करोड़ों रुपये की योजना पर पूरी तरह से अमल नहीं हो पा रहा है। जनहित याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति एमके गुप्ता तथा न्यायमूर्ति अजित कुमार की पूर्णपीठ कर रही है। गंगा प्रदूषण मामले में अधिवक्ता शैलेश सिंह ने बीबर जाम की समस्या उठाई। नगर निगम प्रयागराज के अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने कहा, निगम पुलिस की मदद से पॉलिथीन के प्रयोग पर लगी रोक के आदेश को लागू कराने में जुटी है। किंतु कुछ समय बाद फिर से लोग इसका इस्तेमाल करने लगते हैं। सरकार यदि पॉलिथीन निर्माण बंद कर



दें तो कार्रवाई की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। कोर्ट ने चिंता प्रकट करते हुए कहा, पॉलिथीन के प्रयोग से सीबर व नाले जाम हो रहे हैं। गंगा यमुना में पॉलिथीन बोतल जाकर प्रदूषण फैला रहे हैं। कोर्ट ने मौजूद विभिन्न कॉलेजों के इंटर्नशिप कर रहे विधि छात्रों तथा 2022 में पंजीकृत युवा अधिवक्ताओं को अपने क्षेत्र में व्यापारियों की ओर से पॉलिथीन की खरीद–फरोख्त पर रिपोर्ट तैयार कर पेश करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अजीत कुमार सिंह, भारत सरकार के अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी, केंद्रीय जल निगम के अधिवक्ता बाल मुकुंद सिंह तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिवक्ता डॉ.हरि नाथ त्रिपाठी ने पक्ष रखा। याचिका पर बृहस्पतिवार को भी दो बजे से सुनवाई होगी।

# शेखा झील में जलकुंभी की सफाई और तेज आवाज से परेशान हो रहे परिंदे : बार बार उड़ रहे हैं मेहमान पक्षी

दिल्ली ब्यूरो : हर साल सर्दी के मौसम में शेखाझील हजारों देशी–विदेशी परिंदों से गुलजार रहती है। इस बार आधा दिसंबर गुजर गया, लेकिन अभी तक कोहरे की शुरूआत नहीं हुई है, जिससे परिंदों का आना कम हुआ है। इधर, जलकुंभी की सफाई से आए हुए मेहमान पक्षी बार बार उड़ रहे हैं, वो दूसरे ठिकानों की तलाश कर रहे हैं। झील के उस पार पेड़ों के झुरमुट में कुछ पक्षी देखे जा रहे हैं, जो डरे सहमे लगते हैं। कारण यह है कि पक्षियों के आने के समय झील की सफाई की जा रही है, शर्मीले मेहमान तनिक आहट होते ही उड़ जाते हैं। प्रदेश सरकार इस झील को पर्यटन के मानचित्र पर चमकाना चाहती है, लेकिन वन विभाग इसमें सफल होता नहीं दिख रहा है। हर वर्ष मेहमानों की संख्या लगातार कम हो रही है। 11 हजार किलोमीटर से आते हैं परिंदे विदेशी परिंदे करीब 11000 किलोमीटर की दूरी तय कर शेखा झील पहुंचते थे। पर्यावरणविद् सुबोध नंदन शर्मा का कहना है कि यह पक्षी एक बार उड़ान भरते हैं तो फिर सीधे अपने निर्धारित स्थान पर ही पहुंचते हैं। यह इतने समझदार होते हैं कि इन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचने में कहीं कोई दिक्कत नहीं होती है, इनके आने की तारीख भी तय होती है। उनका कहना है कि उड़ान भरते समय यह वातावरण से ही भोजन लेते हैं इसलिए यह रास्ते में कहीं रुकते नहीं हैं। 186 किस्म के परिंदे आते हैं यहां जिले मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर अलीगढ़ छर्रा रोड पर शेखा झील करीब 40 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। जहां करीब 186 अलग–अलग किस्मों के परिंदे आते हैं। इसमें कई प्रजाति के देशी–विदेशी पक्षी शुमार हैं। सर्दियों के मौसम में नवंबर से फरवरी तक झील इन पक्षियों से गुलजार रहती है। गर्मियों



की शुरुआत में ही ये मेहमान अपने देश लौटने लगते हैं। यहां घूमने आने वाले लोगों को ये परिंदे अपनी तरफ लुभाते हैं। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए भी ये जगह खास प्रभागीय वन निदेशक दिवाकर वशिष्ठ के अनुसार सारस, मुरैन पनकौआ, जलकौआ, ब्लैक आइविश, बड़ा बगुला, स्काट बिल, जल मुर्गा, पिनटेल, कॉमन टेल, ब्लैक पिनटेल, डार्टर, ग्रे हीरोन, पेटेंड स्ट्रोक, ग्रेट कोरमोरेंट, पर्पल हीरोन, कॉम्ब डक, व्हाइट आईबिज, ब्लैक हैडेड आईबिज, ओपन बिल स्ट्रोक, स्पॉट बिल्ड डक, ब्लैक नेक्ड स्ट्रोक, व्हाइट ब्रेस्टेड वाटर हेन, कॉमन मूरहेन, लिटिल कोरमोरेंट, ग्लाइट आईबिज, सोवलर, ग्रेलेग गूज, गेटबेल, सुर्खाब, सावलर, दूब आदि समेत करीब 186 विदेशी प्रजाति के परिंदे यहां हर साल प्रवास को पहुंचते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ परिंदों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जलकुंभी की सफाई हो रही प्रभागीय वन निदेशक दिवाकर वशिष्ठ ने बताया कि इस बार सितंबर महीने में अधिक बारिश के चलते झील में काफी मात्रा में जलकुंभी पैदा हो गई है, इसकी सफाई की जा रही है। उन्हें मुफीद माहौल देने के लिए अभी से सफाई की जा रही है। जलकुंभी की सफाई के दौरान पक्षी थोड़ी सी आहट पाते ही उड़ जाते हैं। हार्न करते हैं दिक्कत झील के सामने से अलीगढ़–छर्रा रोड पर तेज रफ्तार से प्राइवेट बसें, ट्रक और अन्य वाहन गुजरते हैं। इन वाहनों के तेज आवाज, हॉर्न से परिंदे परेशान होते हैं। वाहनों से धूल उड़ती और धुआं भी होता है। नियमानुसार झील के पास से वाहनों को कम रफ्तार के साथ बिना हॉर्न बजाए गुजरना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

# जिलाधिकारी नें किया धारा 24 के पैमाइश कार्य का निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड मड़ियाहूं के शहजीपुर गांव में चल रही धारा 24 के पैमाइश कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर शत–प्रतिशत पैमाइश करा लें। पैमाइश क्रमवार होनी चाहिए जिसका आवेदन प्रथम आया है उसी की क्रमवार होने चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपनी–अपनी तहसीलों धारा 24 की पैमाइश के लंबित मामले अभियान चलाकर खत्म करें। इस अवसर पर कानूनगों ओम प्रकाश तिवारी, लेखपाल दिनेश चंद्र पटेल, अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेल यातायात के सुगम संचालन के अतिरिक्त उत्तर रेलवे का लखनऊ मंडल विभिन्न अवसरों पर अपने कर्मचारियों के हितार्थ एवं कल्याणार्थ अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहता हैं एवं इसी के




अंतर्गत लखनऊ स्थित मंडलीय कार्यालय में पेंशन भोगी रेल कर्मियों की समस्याओ के निदान एवं निस्तारण हेतु पेंशनर्स अदालत का आयोजन किया गया । इस आयोजन के अंतर्गत 19 परिवादों को पंजीकृत कर 13 प्रकरणों को तत्काल निस्तारित किया गया एवं शेष 06 विचाराधीन परिवादों के शीघ्र निस्तारण हेतु आदेश पारित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक,उत्तर रेलवे,लखनऊ श्री सुरेश कुमार सपरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं पेंशनरो द्वारा प्रस्तुत परिवादों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने पेंशन भोगी कर्मचारियो को रेल का आधार स्तम्भ की संज्ञा देते हुए रेलवे में उनके अप्रतिम योगदान की चर्चा की साथ ही उन्होंने कार्यरत कर्मचारियों को पेंशन भोगी कर्मियों के साथ सौहार्द्पूर्ण एवं सौजन्यतापूर्वक व्यवहार करने की बात कही। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री वी.एस. यादव, सहित कार्मिक शाखा एवं लेखा विभाग के अन्य अधिकारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारी एवं पेंशन भोगी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्नातक में फेल व फेलोशिप बंद होने पर किया प्रदर्शन

दिल्ली ब्यूरो : अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के स्नातक में फेल और मौलाना आजाद फेलोशिप बंद किए जाने के विरोध में छात्रों ने रजिस्ट्रार कार्यालय के गेट और डक पॉन्ड पर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों में विवि प्रशासन और सरकार के खिलाफ गुस्सा दिखा। बुधवार दोपहर 12:30 बजे छात्रों का एक समूह रजिस्ट्रार कार्यालय के गेट पर एकत्र हो गया। वह अपनी समस्याएं परीक्षा कंट्रोलर को बताने आए थे। छात्रों का कहना है कि उन्हें स्नातक प्रथम वर्ष के दूसरे सेमेस्टर में फेल कर दिया गया। इससे उनका ईयर बैक आ गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी एक प्रश्नपत्र में नकल हुई है, तो उस प्रश्न पत्र में फेल किया जाए, न कि सारे प्रश्न पत्रों में। इससे उनका साल खराब हो जाएगा। छात्रों ने आरोप लगाया कि जिनकी पहुंच थी, वह उत्तीर्ण हो रहे हैं। काफी देर तक छात्र गेट के पास खड़े रहे। अधिकारियों के आश्वासन पर वह चले गए। फेलोशिप को लेकर दूसरी बार प्रदर्शन एएमयू में मौलाना आजाद फेलोशिप बंद करने के विरोध में बुधवार को छात्रों ने दूसरी बार प्रदर्शन किया। इससे पहले शनिवार को कैंटीन पर प्रदर्शन किया था। डक पॉन्ड पर छात्रों ने सरकार से फेलोशिप शुरू करने का अनुरोध किया। यूनिवर्सिटी में करीब 80 लोगों को फेलोशिप मिल रही थी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।